आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.02.2025 समय : 1905

<><><><><><><><><><>

- परीक्षा पे चर्चा' का चौथा एपिसोड खान–पान को लेकर जारी किया गया– विशेषज्ञों ने छात्रों को परीक्षा के दौरान अपने स्वास्थ्य का खास ध्यान रखने को कहा।
- देश आज दो हजार उन्नीस में पुलवामा हमले में जान गंवाने वाले सैनिकों को याद कर रहा है– प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने दी श्रद्धांजलि ।
- द्वीपों के सांसद ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात कर श्री विजयपुरम और मदुरै के बीच सीधी उड़ान शुरू करने का अनुरोध किया।
- सहायक आयुक्त कार्यालय, ननकौड़ी की ओर से कच्छाल द्वीप में दो दिवसीय 'प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित।

<><><><><><><><><><>

परीक्षा पे चर्चा' का चौथा एपिसोड आज परीक्षार्थियों के खान–पान को लेकर जारी किया गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध शेफ शोनाली सबरवाल, न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर और हेल्थ इंफ्लुएंसर रेवंत हिमातसिंका शामिल हुए। इन सभी विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे छात्र परीक्षा के दौरान अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखकर खुद को तनाव मुक्त रख सकते हैं। शोनाली ने कहा कि अगर आप कॉफी पी रहे हैं, तो उसकी जगह ग्रीन टी लेना शुरू कर दें। वहीं, रेवंत ने छात्रों को सुझाव दिया कि अगर आपको जंक फूड खाने का मन कर रहा है, तो सुबह के समय ताजी हरी पत्तेदार सब्जियां खाएं। इसके अलावा लंच, ब्रेकफास्ट या डिनर के बीच में नट्स का सेवन करें और सुबह–सुबह ताजे फल खाएं। रुजुता ने बताया कि जैसे एग्जाम में अलग–अलग सब्जेक्ट होते हैं, वैसे ही आपके खाने में भी विविधता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को शुगर से दूर रहना चाहिए और इसके बजाय उन्हें मिलिट्स, ब्राउन राइस जैसे स्वस्थ विकल्प खाने चाहिए।

<><><><><><><><><><>

देश आज दो हजार उन्नीस में पुलवामा हमले में जान गंवाने वाले सैनिकों को याद कर रहा है। छह वर्ष पहले आज ही के दिन जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले में हुए आतंकी हमले में सी आर पी एफ के चालीस जवानों की मृत्यु हो गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियाँ उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके अटूट समर्पण को कभी नहीं भूलेंगी। गृह मंत्री ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार आतंकवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से तीन दिवसीय वार्षिक बोटैनिकल फोरम उत्सव– ''फ्लोरिस्टिक'' का आयोजन किया गया। आज आयोजित व्याख्यान सत्र के दौरान क्यारी के निदेशक डॉ. ई बी चाकुरकर ने छात्रों को इस उत्सव के दौरान प्राप्त जानकारी का लाभ उठाने का अनुरोध किया। कॉलेज की प्राचार्या पर्ल देवदास ने छात्रों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करने को कहा। इस अवसर पर ई–पत्रिका ''डेफोडिल्स'' का विमोचन भी किया गया। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में वनस्पति विज्ञान विभाग–स्नातकोत्तर के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपोन शर्मा ने जैव–विविधता के बारे में जानकारी दी।

<><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री से श्री विजयपुरम और मदुरै के बीच सीधी उड़ान शुरू करने का अनुरोध किया, ताकि द्वीपसमूह के लोगों, विशेष रूप से तमिलनाडु और केरल के निवासियों के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाई जा सके। वर्तमान में, यात्रियों को चेन्नई के माध्यम से कनेक्टिंग उड़ानों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे यात्रा का समय और खर्च बढ़ जाता है। सांसद ने कहा कि श्री विजयपुरम और मदुरै के बीच सीधी उड़ान से न केवल तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को यात्रा करने में सुविधा होगी, बल्कि दोनों क्षेत्रों में पर्यटन और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

<><><><><>

अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत श्री विजयपुरम के ज़िला न्यायालय भवन, उप–विभागीय कोर्ट परिसर मायाबंदर तथा डिगलीपुर के सर्किट कोर्ट में आयोजित होगा। लोक अदालत में धारा एक सौ अड़तीस के अंतर्गत राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड अधिनियम के मामले, धन वसूली के मामले, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल संबंधी विवाद, भरण–पोषण के मामले, सिविल विवाद और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत आने वाले विवादों का निपटान किया जाएगा, जिन लोगों के विवाद मुकदमें पूर्व या मुकदमे पश्चात स्तर पर है, उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान उनके समाधान की सुविधा के लिए सत्ताईस फरवरी तक श्री विजयपुरम के ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव को लिखित रूप में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><>

सहायक आयुक्त कार्यालय, ननकौड़ी की ओर से कच्छाल द्वीप में दो दिवसीय 'प्रशासन आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय लोगों तक सरकारी सेवाओं और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच को सुगम बनाना और सार्वजनिक शिकायतों का निपटारा करना था। कार्यक्रम में कृषि, मत्स्य पालन, ग्रामीण विकास, पशुपालन, आईसीडीएस, परिवहन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवाओं सहित कई विभाग शामिल थे। इस दौरान किसानों को बीज किट

का वितरण किया गया और कृषि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा आधार कार्ड अपडेट की प्रक्रिया के साथ नए आधार कार्ड भी जारी किए गए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक कल्याण योजनाओं में नामांकन, किसान क्रेडिट कार्ड, तथा पोल्ट्री और डकलिंग के लिए पंजीकरण किए गए।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के मंजरी में रिप्रोडक्टिव एंड चाइल्ड हेल्थ पर शिविर आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और अनिम्स के सहयोग से कल सुबह साढ़े नौ बजे से शिविर में सेवाएं शुरू होंगी। शिविर में स्त्री रोग, बाल रोग, ऑर्थोपेडिक, नेत्र रोग औरदंत रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी मुक्त राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में पांच मार्च को अड़तीसवां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। क्षेत्रीय केन्द्र श्री विजयपुरम कार्यालय के मल्टी–स्पेशलिटी हॉल में कार्यक्रम आयोजित होगा। पंजीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल पच्चीस फरवरी तक खुला रहेगा। शिक्षार्थी छः सौ रूपये के शुल्क के साथ पंजीकरण कर सकते हैं। जिन यूजी और पी जी छात्रों ने पहले ही दीक्षांत समारोह के लिए पंजीकरण कर लिया है, उनसे कार्यालय में जाकर स्कार्फ लेने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

कार निकोबार के बिशप जॉन रिचर्डसन स्टेडियम, में छब्बीसवां उप–राष्ट्रपति कप फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। बारह फरवरी को खेले गए मैचों में अंडमान निकोबार कमान ने मायाबंदर को सात–एक से और कच्छाल ने डिगलीपुर को एक–शून्य से हराया। कल खेले गए मैचों में ननकौड़ी ने कैंपबेल बे को तीन–शून्य और विम्बर्लीगंज ने रंगत को तीन–शून्य से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल मैचों में कल ननकौड़ी का मुकाबला लिटिल अंडमान और कच्छाल का मुकाबला श्री विजयपुरम से होगा।

<><><><><><><>

पहाड़गांव स्थित लॉर्ड शिव शंकर मंदिर कमेटी की ओर से शिवरात्रि पूजा का आयोजन किया जाएगा। छब्बीस फरवरी को मंदिर में पूजा रखी गई है। भक्त अपनी श्रद्धानुसार स्टेट कॉपरेटिव बैंक, गाराचरमा में मंदिर के नाम पर दान दे सकते हैं।

<><><><><><><>